RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 21 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 123 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**पत्रकारिता में युसूफ राणा ने हासिल किया मुकाम मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय से मिली शानदार सफलता**



Page - 3

# मुंबई : बारिश से मीठी नदी उफान पर, 2005 त्रासदी की आई याद...

## 65 करोड़ का भ्रष्टाचार उजागर




**मुंबई :** भारी बारिश ने एक बार फिर मुंबई की रफ्तार को रोक दिया है। पिछले दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के बाद मीठी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा और कई जगह नदी ओवरफ्लो हो गई। इसका असर यह हुआ कि शहर के कई इलाकों में रेल पटरियों और सड़कों पर पानी भर गया। कुर्ला के क्रांति नगर इलाके में हालात इतने खराब हुए कि एनडीआरएफ को बोट चलाकर लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा। यह नजारा देखकर लोगों को 26 जुलाई 2005 की भयावह त्रासदी की याद आ गई, जब रिकॉर्ड तोड़ बारिश में मीठी नदी के उफान ने सैकड़ों जिंदगियां छीन ली थीं। इस बीच, मीठी नदी परियोजना से जुड़ा 65 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला सामने आया है। बताया गया कि सफाई और चौड़ीकरण के लिए आवंटित बजट में ठेकेदारों और बीएमसी अधिकारियों ने मिलकर भारी भ्रष्टाचार किया। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने मामले में पहली FIR दर्ज कर ली है। इसके बाद ठेकेदारों और अधिकारियों के घरों व दफ्तरों समेत करीब 8 से 9 ठिकानों पर छापेमारी की गई।

### ड्रेनेज विभाग ने बिना जांच के कागजों को दी मंजूरी

जांच में सामने आया कि पांच ठेकेदार कंपनियों–एक्यूट डिजाइन, कैलास कंस्ट्रक्शन, एन.ए. कंस्ट्रक्शन, निखिल कंस्ट्रक्शन और जे.आर.एस. इंफ्रास्ट्रक्चर ने फर्जी एमओयू और नकली जमीन मालिकों की ठडउ जमा कराई। बीएमसी के स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज विभाग ने बिना जांच किए इन कागजों को मंजूरी दे दी। वहीं असली जमीन मालिकों ने साफ किया कि उन्होंने कभी कोई समझौता नहीं किया था और उनके भूखंड पर कीचड़ डंप भी नहीं किया गया। इसके अलावा, जांच में यह भी पाया गया कि मिट्टी हटाने की मात्रा को जानबूझकर बढ़ा–चढ़ाकर दिखाया गया। वेट ब्रिज स्लिप, लॉग शीट और कई जगह अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर मिले। सिर्फ इसी गड़बड़ी से बीएमसी को 17 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। साथ ही, विदेशी कंपनी की मशीनरी का किराया भी बाजार दर से ज्यादा दिखाया गया, जिससे करोड़ों की हेराफेरी हुई।

### प्रसाद लाड ने ठाकरे शिवसेना पर लगाये आरोप

भ्रष्टाचार के इस खुलासे के बाद बीजेपी नेता प्रसाद लाड ने आरोप लगाया कि इसका जिम्मेदार ठाकरे की शिवसेना है, जिसने बीएमसी में रहते हुए मुम्बईवासियों को धोखा दिया। करीब 20 साल पहले आई 2005 की त्रासदी ने साफ कर दिया था कि मीठी नदी की समय पर सफाई और चौड़ीकरण जरूरी है। लेकिन अब, जब हर साल बारिश आते ही वही खतरा मंडराता है, तो सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर इस लापरवाही और भ्रष्टाचार की कीमत मुंबईकर कब तक चुकाते रहेंगे?

## महाराष्ट्र हादसा:

## करंट की चपेट में आने से 1 ही परिवार के 5 लोगों की मौत!



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक दर्दनाक घटना घटी है. बता दें कि वरखेड़ी शिवार गांव में एक परिवार के पांच सदस्यो की खेत में काम करते समय बिजली का झटका लगने से दर्दनाक मौत हो गई है. राहत की बात ये है कि घटना में एक दो वर्षीय बच्ची बाल-बाल बच गई. स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ. हादसा होते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

# मुंबई : त्योहारों के मौसम में न तोड़ें लोगों के घर...

## राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का स्पष्ट आदेश

**मुंबई :** मुंबई सहित महाराष्ट्र का सबसे बड़ा त्योहार गणेशोत्सव लगभग एक सप्ताह बाद शुरू होनेवाला है। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने तमाम प्रशासनिक अधिकारियों को आगामी त्योहारों के काल में तोड़क कार्रवाई स्थगित करने का स्पष्ट आदेश दिया है। बावनकुले ने बुधवार को कहा कि त्योहारों के मौसम में घर तोड़ने का नोटिस देकर लोगों में भय का माहौल न बनाएं। जो भी कार्रवाई करनी है, गणेशोत्सव के बाद करें। तब तक अधिकारी लोगों को कोई नोटिस न दें।



### बीएमसी ने जारी किया नोटिस

उत्तर मुंबई में नागरिकों के निर्माणों को अनधिकृत बताकर बीएमसी ने नोटिस जारी किया है। कथित अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ मुंबई महानगर पालिका की कार्रवाई रोके जाने की स्थानीय लोगों की मांग पर चर्चा के लिए बुधवार को राजस्व मंत्री बावनकुले की अध्यक्षता में मंत्रालय में एक बैठक आयोजित की गई।

### गणेशोत्सव तक कार्रवाई को रोकने का आदेश

बैठक में बीजेपी उत्तर मुंबई जिला अध्यक्ष दीपक तावड़े और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नागरिकों के अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए राजस्व मंत्री बावनकुले ने गणेशोत्सव तक इस कार्रवाई को रोकने का आदेश दिया है। लेकिन उन्होंने ये चेतावनी भी दी है कि फर्जी नक्शे तैयार करके निर्माण करने वालों को छूट नहीं मिलेगी।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर 1500 साल पूरे...

## विशेष तैयारी की मांग - सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार फैसल शेख की अपील

**मुंबई :** इस वर्ष ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व ऐतिहासिक रूप से बेहद खास होने जा रहा है, क्योंकि इस अवसर पर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश को 1500 साल पूरे हो रहे हैं। इसको देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार फैसल शेख संपादक रोकठोक लेखनी न्यूजपेपर & अध्यक्ष सबरी ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन (संस्ता) ने महाराष्ट्र सरकार और मुंबई महानगरपालिका से विशेष व्यवस्था करने की अपील की है।



फैजल शेख ने कहा कि जिस तरह अन्य धार्मिक त्योहारों जैसे गणेशोत्सव, नवरात्रि और दही हांडी में आयोजन को लेकर अतिरिक्त समय और सहयोग दिया जाता है, उसी तरह ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर भी जुलूस और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए अतिरिक्त समय और विशेष अनुमति दी जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि इस ऐतिहासिक वर्ष के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार को चाहिए कि बीएमसी के माध्यम से विशेष फंड उपलब्ध कराया जाए, जिससे बड़े पैमाने पर जुलूस, सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सके। फैजल शेख ने कहा कि ईद-ए-मिलादुन्नबी न केवल मुस्लिम समाज के लिए, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए शांति और भाईचारे का संदेश लेकर आती है।ऐसे में 1500वें साल के इस मौके को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सरकार को सहयोग करना चाहिए। मुंबई और महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में मुस्लिम समाज ने भी सरकार से अपील की है कि इस वर्ष जुलूस और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए विशेष अनुमति, अतिरिक्त समय और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि उत्सव शांति और उल्लास के साथ मनाया जा सके।

# महाराष्ट्र में बारिश से 20.12 लाख एकड़ फसल बर्बाद... इस जिले में हालात गंभीर, सरकार ने किया बड़ा ऐलान

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। 15 अगस्त से 19 अगस्त तक के सिर्फ पांच दिनों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। इस आपदा में 11 पशुओं की भी जान चली गई। वहीं, बारिश का बड़ा असर किसानों पर भी पड़ा है। अगस्त में राज्य में भारी बारिश से खरीफ सीजन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राज्य के 19 जिलों के 187 तालुकाओं और 654 राजस्व मंडलों में भारी बारिश हुई है। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री दत्तात्रेय



भरणे ने बताया कि मूसलाधार बारिश से राज्य के 19 जिलों में फसलों को नुकसान हुआ है। अब तक 20 लाख 12 हजार 775 एकड़ क्षेत्र की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। इसमें सोयाबीन, मक्का, कपास, उड़द, तुअर, मूंग सहित कई खरीफ फसलें शामिल हैं। भरणे ने वाशिम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अकेले नांदेड जिले में 7.13 लाख एकड़ क्षेत्र की फसल को नुकसान पहुंचा है। इसके बाद वाशिम में 4.11 लाख एकड़ क्षेत्र प्रभावित हुआ है। कृषि विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में कुल 805,110 हेक्टेयर यानी 20,12,775 एकड़ फसल बर्बाद हो चुकी है।

www.rokthoklekaninews.com | facebook@rokthoklekhani | youtube@rokthoklekhani | twitter@rokthoklekhani

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# महाभियोग की नौबत

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की नौबतङ्घयकीनन संविधान और लोकतंत्र के लिए एक भयावह, चुनौतीपूर्ण और अस्वीकृति की स्थिति है। संवैधानिक व्यवस्था में यह नौबत क्यों आनी चाहिए? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त शारीरिक और मानसिक तौर पर अक्षम हो गए हैं? क्या उनकी साख और निष्पक्षता निर्णायक तौर पर सवालिया अथवा आशंकित हो गई है? क्या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार अथवा पक्षपात के आरोप कानूनन साबित हो चुके हैं और अदालत ने फैसला सुना दिया है? विपक्ष की राजनीति के मद्देनजर महाभियोग की नौबत भी पक्षपाती है। विपक्ष के 'वोट चोरी' के आरोप ही पर्याप्त नहीं हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिल्र महाभियोग की प्रक्रिया संसद में शुरू की जाए। किसी भी संवैधानिक संस्था या पदासीन अधिकारी के खिलाफ महाभियोग मोहभंग और अस्वीकृति की पराकाष्ठा है। यह नौबत ही क्यों आनी चाहिए? यदि राजनीतिक नेतृत्व और प्रतिनिधित्व का एक ही पक्ष महाभियोग की बात करने लगे, तो वह उस संवैधानिक संस्था अथवा अधिकारी के प्रति दुराग्रह की भावना है। निश्चित तौर पर उसकी पृष्ठभूमि में प्रतिशोध का भाव भी निहित होगा। एक पक्ष के पूर्वाग्रहों से संवैधानिक और संसदीय व्यवस्थाएं नहीं चल सकतीं। कुछ उदाहरण सामने हैं। अप्रैल, 2018 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव विपक्ष ने राज्यसभा में दिया। आरोप खोखले, कुत्सित और पूर्वाग्रही थे, लिहाजा ऐसे ही कुछ आधारों पर तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसी तरह तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में ही कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्ष ने महाभियोग का नोटिस दिया। प्रस्ताव में उन्हें पक्षपाती करार दिया गया कि वह विपक्ष को उसका पक्ष रखने को पर्याप्त समय नहीं देते हैं।

बहरहाल अपरिहार्य आधार पर वह प्रस्ताव भी खारिज हो गया, लेकिन इस अंतराल में, मीडिया के विभिन्न प्रारूपों में, इन संवैधानिक हस्तियों के खिलाफ जो कुछ लिखा या कहा गया, यकीनन उनकी शख्सियत पर कीचड़ उछाले गए, उसकी भरपाई कौन करेगा? अब बारी मुख्य चुनाव आयुक्त की है। सोशल मीडिया पर उन्हें 'केंचुआ' करार दिया जा रहा है। क्या यह उपमा उचित है? बेशक संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की व्यवस्था दी गई है, लेकिन 'महाभियोग' शब्द का कहीं भी उल्लेख नहीं है।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : गणेशोत्सव के दौरान 367 अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय




**मुंबई :** गणेशोत्सव के दौरान राज्य और कोंकण क्षेत्र में घर लौटने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने इस साल 367 अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि यह संख्या पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है और इससे यात्रियों को यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी दी कि रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से हुई चर्चा के बाद यह विशेष ट्रेनें मुंबई से कोंकण और राज्य के अन्य हिस्सों के लिए चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सेवाएं हजारों श्रद्धालुओं, खासकर उन लोगों के लिए लाभकारी होंगी जो गणेशोत्सव के अवसर पर अपने पैतृक गांव लौटते हैं। फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''गणेशोत्सव महाराष्ट्र की सांस्कृतिक धड़कन है।

इस अवसर पर रेलवे द्वारा दी जा रही अतिरिक्त सेवाएं श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित होंगी। मुंबई और कोंकण क्षेत्र के लोगों के लिए यह यात्रा आसान बनाएगा।'' गौरतलब है कि हर साल गणेशोत्सव पर लाखों श्रद्धालु मुंबई और पुणे से कोंकण क्षेत्र तथा अन्य जिलों में अपने घर लौटते हैं। भारी भीड़ और सीमित ट्रेन सीटों के कारण यात्रा चुनौतीपूर्ण हो जाती है। इस बार रेलवे ने सरकार की मांग को स्वीकार करते हुए 367 अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार, इन ट्रेनों से यात्रियों को न केवल टिकट आसानी से उपलब्ध होंगे बल्कि भीड़ भी नियंत्रित होगी। फडणवीस ने कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में बसे कोंकणवासी और श्रद्धालु हर साल गणेशोत्सव के समय अपने घर लौटते हैं। इस दौरान टिकट और यात्रा दोनों ही बड़ी चुनौती बन जाते हैं।

अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं इस समस्या का समाधान प्रदान करेंगी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इन ट्रेनों का संचालन त्योहार के पूरे 10 दिनों के दौरान किया जाएगा। भीड़ को देखते हुए रेलवे अतिरिक्त डिब्बों की व्यवस्था भी करेगा। इससे यात्रियों को अधिक आराम और सुविधा प्राप्त होगी और यात्रा सुरक्षित होगी। रेलवे और राज्य सरकार का मानना है कि इस पहल से गणेशोत्सव पर घर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और त्योहार का उल्लास और बढ़ेगा। श्रद्धालु समय पर और सुरक्षित तरीके से अपने घर पहुंच सकेंगे, जिससे त्योहार की तैयारी और आनंद दोनों में आसानी होगी।

# मुंबईः पुलिस कर्मी का मोबाइल रिपेयर के दौरान हैक...

## बैंक से 1.60 लाख रुपये की चोरी




**मुंबईः** तर्देओ इलाके में एक चौंकाने वाला साइबर फ्रॉड सामने आया है। 53 वर्षीय मुंबई पुलिस कर्मी किरण मोतीलाल बडगुजार ने अपनी बैंक अकाउंट से 1.60 लाख रुपये खो दिए, जबकि उनका मोबाइल फोन कथित रूप से हैक हो गया था। बडगुजार ने अपने मोटो G60 मोबाइल फोन को 28 जुलाई को तर्देओ स्थित राजेश मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में ओवरहीटिंग और खराब कार्य के कारण रिपेयर के लिए दिया था। तकनीशियन ने बैटरी बदल दी और फोन दो दिन बाद लौटाया। लेकिन फोन ठीक न होने पर इसे एक अन्य तकनीशियन को भेजा गया। इस दौरान बडगुजार ने सुविधा के लिए अपना स्क्रीन लॉक पासवर्ड रिपेयर सेंटर के साथ साझा किया था।

15 जुलाई को मोबाइल सामान्य उपयोग के लिए लेने के बाद, बडगुजार ने अपने HDFC बैंक ऐप को एक्सेस करने की कोशिश की, लेकिन ऐप काम नहीं कर रहा था। इसके बाद उन्होंने गूगल पे के माध्यम से अपना बैलेंस देखा, जिसमें 3,70,353 रुपये दिखे।

अगले दिन से, उनके खाते से अनधिकृत लेन-देन शुरू हो गए और धीरे-धीरे डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कुल 1.60 लाख रुपये की चोरी हो गई। जांच में पता चला कि उनके मोबाइल से संदिग्ध लिंक चार अज्ञात नंबरों पर भेजे गए। बडगुजार का संदेह है कि रिपेयर के दौरान उनका मोबाइल हैक किया गया और इन हानिकारक लिंक के जरिए उनका बैंक अकाउंट खाली किया गया। साइबर अपराध के इस मामले में पुलिस ने ऋक्षफ दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने लोगों को मोबाइल रिपेयर के दौरान पासवर्ड साझा न करने की चेतावनी दी है।

# पनवेल : बारिश के कारण नगर निगम प्रशासन सक्रिय

## 400 लोगों को चार अस्थायी शेल्टर में शिफ्ट किया..




**पनवेल :** पिछले तीन दिनों से जारी भारी बारिश के कारण नगर निगम प्रशासन सक्रिय हो गया है। रायगढ़ जिले के लिए 20 अगस्त को रेड अलर्ट जारी किया गया है। पनवेल नगर निगम ने प्रभावित नागरिकों के लिए राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं। लगभग 400 लोगों को चार अस्थायी शेल्टर में शिफ्ट किया गया है। कोलिवाडा स्कूल में 187, उर्दू स्कूल में 135, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 60 और न्यू पनवेल के बुद्ध विहार में 60 लोग रह रहे हैं। ढटउ कमिश्नर और प्रशासक मंगेश चितले ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिफ्ट किए गए लोगों को पर्याप्त भोजन, चाय और कंबल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएँ। नगर निगम की टीमें विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में हाई अलर्ट पर हैं।

ड्रीनेज को साफ करने और अवरोध हटाने के लिए खउइ और जेटिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। कालंबोली सर्कल, खारघर गौथान, पनवेल शहर, कामोठे और कालंबोली में जलनिकासी कार्य चल रहा है। कमिश्नर चितले और अतिरिक्त कमिश्नर कैलास गवड़े ने कालंबोली होल्डिंग पॉन्ड्स पर डिवाटरिंग पंप का निरीक्षण किया और वार्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि डीजल और इलेक्ट्रिक पंप लगातार चलाए जाएँ। इसके अलावा, पनवेल की गढ़ी नदी के जल स्तर की निगरानी भी सतर्कता से की जा रही है। ढटउ प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि बारिश और जलभराव के कारण किसी प्रकार की आपात स्थिति को गंभीरता से लिया जाए और प्रभावित नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि जलनिकासी और बचाव कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि शहर में बाढ़ या अन्य आपदा के खतरे को कम किया जा सके।

# मुंबई : सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहने का फेक संदेश सोशल मीडिया पर वायरल

**मुंबई :** शहर और उपनगरों में 20 अगस्त, बुधवार को भारी बारिश के कारण सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहने का एक फेक संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ब्रिहन्मुम्बई नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह संदेश पूरी तरह से झूठा है और निगम द्वारा कोई ऐसा ऐलान नहीं किया गया है। वायरल मैसेज को इस तरह डिजाइन किया गया था कि यह इटउ के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से साझा किया गया प्रतीत हो। इसमें कहा गया कि भारतीय मौसम विभाग ने अत्यधिक भारी वर्षा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और इसके मद्देनजर सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। हालांकि, इटउ ने पुष्टि की कि किसी भी आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर ऐसा कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। नगर निगम ने


All schools and colleges in Mumbai (City and Suburbs) will remain closed tomorrow, 20th August 2025 (Wednesday).

The India Meteorological Department has issued a Red Alert warning (extremely heavy rainfall) for Mumbai City and Suburbs tomorrow i.e. Wednesday, 20th August 2025.

In view of the same, District Disaster Management Authority (BMC), hereby declares a holiday for all Government, Private and Municipal schools and colleges in Mumbai (City and Suburbs).

@CMOMaharashtra



नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे फेक संदेशों पर विश्वास न करें और इन्हें फॉरवर्ड न करें। इटउ ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में झूठी जानकारियों का फैलना माता-पिता, छात्रों और आम जनता में अनावश्यक डर पैदा कर सकता है।

BMC ने लोगों से केवल अपने सत्यापित सोशल मीडिया हैंडल और आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से साझा किए गए अपडेट पर भरोसा करने का आग्रह किया। नगर निगम ने यह भी चेताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फेक संदेशों की सच्चाई की पुष्टि किए बिना साझा करना जिम्मेदारी का उल्लंघन है और इससे आपातकालीन व्यवस्थाओं में भी बाधा आ सकती है। इटउ प्रवक्ता ने कहा, ''हम सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इस तरह की अफवाहों में न फँसें और किसी भी जानकारी की पुष्टि किए बिना इसे फैलाने से बचें। ऐसे संदेशों के कारण कई लोगों में अनावश्यक चिंता और भ्रम फैल सकता है।''

इससे पहले भी मुंबई में भारी बारिश के दौरान कई बार फेक मैसेज वायरल हुए हैं, जिनमें स्कूल-कॉलेज बंद होने, ट्रेनों और बसों के संचालन रुकने जैसी झूठी सूचनाएं शामिल रही हैं। इटउ ने बार-बार जनता को सचेत किया है कि केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। नगर निगम ने सुझाव दिया है कि नागरिक क्टऊके वेबसाइट और इटउ के ऑफिशियल प्लेटफॉर्म्स पर मौसम और सार्वजनिक सेवाओं की जानकारी नियमित रूप से चेक करें। इसके अलावा, किसी भी संदिग्ध संदेश को सोशल मीडिया पर फैलाने से पहले इसकी पुष्टि कर लें। इटउ ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले ऐसे झूठे संदेशों के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## विरार : जलभराव वाले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने के लिए ट्रैक्टर, फायर इंजन और लाइफबोट का इस्तेमाल...

**विरार :** भारी बारिश के कारण वसई-विरार नगर निगम क्षेत्र के कई नीचले इलाकों में गंभीर जलभराव देखने को मिला। घरों में पानी घुसने और दैनिक जीवन प्रभावित होने की सूचना मिली। हालांकि, निगम की समय पर राहत और बचाव गतिविधियों से फंसे हुए नागरिकों को राहत मिली। श्टउ ने प्रभावित क्षेत्रों में 54 सक्शन पंप तैनात किए और कई जगहों पर खउइ मशीनों का उपयोग करके अवरुद्ध रास्तों को साफ किया। जलभराव वाले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने के लिए ट्रैक्टर, फायर इंजन और लाइफबोट का इस्तेमाल किया



गया। राहत कार्यों में एनडीआरएफ की टीम ने भी सहायता प्रदान की। भूस्खलन संभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में निवासियों को अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित किया गया। कुल 34 राहत केंद्र विभिन्न वार्डों में स्थापित किए गए। दोपहर तक लगभग 497 नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

राहत केंद्रों में श्टउ ने भोजन और आवास की व्यवस्था की। प्रभावित परिवारों को 10,000 से अधिक भोजन पैकेट वितरित किए गए, और आपूर्ति का कार्य पूरे दिन जारी रहा। जिन घरों में पानी घुसा, वहां नागरिकों को सीधे भोजन पैकेट भी प्रदान किए गए। साथ ही, पांच जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएँ हुईं, जिन्हें फायर ब्रिगेड द्वारा तुरंत कटिंग उपकरणों से हटाया गया। अवरुद्ध नालियों, मेंहदों और कचरे से भरे चैंबरों को साफ करके जल निकासी बहाल की गई। श्टउ ने कहा कि सभी राहत और बचाव कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और जलभराव से उत्पन्न परेशानियों को कम किया जा सके।

## मुंबई : सरकारी वाहन चेंबूर के जामा चौक पर एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार

**मुंबई :** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) डॉ. महेश पाटिल का एक सरकारी वाहन चेंबूर के जामा चौक पर एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। सौभाग्य से, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, हालाँकि वाहन को काफी नुकसान पहुँचा है। यह घटना रात लगभग 10:00 बजे हुई जब सरकारी टोयोटा इनोवा (**MH 01 DE 5889**), जिसे 45 वर्षीय पुलिस कांस्टेबल ज्ञानेश्वर कोली चला रहे थे, चेंबूर स्थित अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के कार्यालय जा रही थी। कांस्टेबल कोली और पुलिस ऑपरेटर पवार उस शाम डॉ. पाटिल के भायखला स्थित आवास पर रिजर्व ड्यूटी पर थे और उचित अनुमति लेकर वाहन ले गए थे।

## ठाणे : क्रिप्टोकरेंसी निवेश धोखाधड़ी में लगभग 54 लाख रुपये गँवाए

**ठाणे :** ठाणे निवासी 52 वर्षीय व्यक्ति ने धोखेबाजों के झांसे में आकर क्रिप्टोकरेंसी निवेश धोखाधड़ी में लगभग 54 लाख रुपये गँवा दिए। सोशल मीडिया कनेक्शन से हुआ घोटाला कोलाबा स्थित एक निजी फर्म में वरिष्ठ पद पर कार्यरत शिकायतकर्ता को 5 मार्च को फेसबुक पर एक अज्ञात महिला का फ्रेंड रिक्वेस्ट मिला। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद, दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई और उसने क्रिप्टो ट्रेडिंग के जरिए भारी मुनाफे का झांसा देकर उसे लुभाया। उसने एक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का लिंक शेयर किया और उससे एक लॉगिन आईडी बनाने को कहा।

## मुंबई : 11 उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा

**मुंबई :** बारिश के कारण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर हवाई यात्रा बाधित होने के बाद, मंगलवार को स्थिति और भी खराब हो गई क्योंकि खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा, जबकि 24 उड़ानों ने गो-अराउंड का प्रयास किया। पिछले कुछ दिनों से मुंबई में हो रही भारी बारिश ने शहर के एकमात्र चालू हवाई अड्डे, जो दुनिया का सबसे व्यस्त सिंगल-रनवे हवाई अड्डा है, पर व्यापक समस्याएँ पैदा कर दी हैं। सोमवार को 10 गो-अराउंड और एक बार मार्ग बदलने के बाद, मंगलवार को खराब मौसम और रनवे पर कम दृश्यता के कारण व्यवधान और भी गंभीर हो गए। लगभग 24 उड़ानें हवाई अड्डे पर मिस्ड अप्रोच का शिकार हुईं, जबकि 11 उड़ानों को अन्य हवाई अड्डों पर डायवर्ट किया गया। रियल-टाइम फ्लाइट ट्रैकर, फ्लाइटराडार24 के अनुसार, प्रस्थान के लिए हवाई अड्डे का व्यवधान सूचकांक 5.0 तक पहुँच गया, जो लंबी देरी और कई रद्द उड़ानों के साथ बड़ी समस्याओं को दर्शाता है। औसत लैंडिंग में देरी 54 मिनट तक पहुँच गई और टेक-ऑफ में औसतन 51 मिनट की देरी हुई।

## मुंबई : 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**मुंबई :** बुधवार को मध्यम से भारी बारिश का दौर जारी रहा। एक दिन पहले ही शहर और उसके उपनगरों में मूसलाधार बारिश हुई थी, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था और परिवहन नेटवर्क चरमरा गया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार सुबह शहर के लिए दो घंटे का रेड अलर्ट जारी किया, जिसमें भारी बारिश की गतिविधियों का हवाला दिया गया था। इसके बाद अगले 24 घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया क्योंकि महानगर में भारी बारिश जारी रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, गुरुवार, 21 अगस्त से बारिश की तीव्रता कम होने की उम्मीद है, लेकिन नए दौर की संभावना के चलते नगर निगम के अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। मुंबई के अलावा, रायगढ़ और पुणे जिले के घाट इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि ठाणे, पालघर, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग में ऑरेंज अलर्ट जारी है।

## मुंबई : 37 वर्षीय व्यक्ति अवैध बंदूक और जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार

**मुंबई :** क्राइम ब्रांच (डीसीबी) सीआईडी यूनिट 12, दहिसर ने एक गुप्त सूचना के आधार पर, टाइम्स ऑफ इंडिया ब्रिज, रहेजा टावर, मलाड पूर्व के पास एक 37 वर्षीय व्यक्ति को अवैध बंदूक और जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया। शस्त्र अधिनियम और पुलिस प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज आरोपी की पहचान महेश गोविंद ठाकुर के रूप में हुई है, जिसके पास से एक देसी रिवॉल्वर और एक जिंदा गोली बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 20,600 रुपये है।

# 24 घंटे में छह लोगों की मौत, हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं 15 घंटे बाद बहाल...

**मुंबई :** मुंबई में लगातार बारिश से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवा कई जगहों पर रद्द है तो हार्बर लाइन पर 15 घंटे बाद लोकल ट्रेन सेवा बहाल हुई है। वहीं राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में पिछले 24 घंटे में छह लोगों की मौत हो गई है। महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटों में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई है। नांदेड़ जिले में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ की कुल 18 टीमें राज्य के कई हिस्सों में तैनात हैं, साथ ही एसडीआरएफ की छह टीमें भी तैनात हैं।

**हार्बर लाइन लोकल ट्रेन 15 घंटे बाद बहाल**

मुंबई में हुई भारी बारिश से रेल पटरियों पर पानी भर जाने के कारण मंगलवार सुबह रुकी हार्बर लाइन की लोकल ट्रेन सेवाएं करीब 15 घंटे बाद बुधवार तड़के 3 बजे दोबारा शुरू हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि पानी उतरने के बाद सेवाएं बहाल की गईं। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वानिल निला





ने बताया कि मंगलवार सुबह 11:15 बजे ट्रैक डूबने के कारण पहले हार्बर लाइन और फिर मेन लाइन की सेवाएं बंद करनी पड़ीं। मंगलवार शाम 7:30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से ठाणे के बीच मेन लाइन की सेवाएं शुरू कर दी गई थीं, लेकिन हार्बर लाइन, जो नवी मुंबई को दक्षिण मुंबई से जोड़ती है, रातभर बंद रही। कई हिस्सों में पटरियां 15 इंच तक पानी में डूबी रहीं। बुधवार सुबह सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाएं- बसें, लोकल ट्रेनें और मेट्रो- सामान्य रूप से चलने लगीं।

**रेलवे ने यात्रियों से की अपील**

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट दिया है, इसलिए केवल जरूरी होने पर ही यात्रा करें और सावधानी बरतें। वेस्टर्न रेलवे ने बताया कि मंगलवार की बारिश और जलभराव की वजह से उनकी कुछ लोकल ट्रेनें बुधवार को भी रद्द रहेंगी।

**मुंबई में कई लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द**

डीआरएम - मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे ने बताया कि मुंबई में भारी जलभराव के कारण आज कई लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं।

**इंडिगो ने मुंबई में भारी बारिश के मद्देनजर जारी की एडवाइजरी**

इंडिगो ने अपने एडवाइजरी में कहा- हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त रहे, लेकिन प्रकृति की भी अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में फिर से भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में रुकावट आ सकती है और उड़ानों का संचालन प्रभावित हो सकता है। हालांकि हम परिचालन को सुचारू रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, फिर भी हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान अनुसूची में कोई भी बदलाव आपके पंजीकृत संपर्क विवरण के माध्यम से साझा किया जाएगा।

# पत्रकारिता में युसूफ राणा ने हासिल किया मुकाम मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय से मिली शानदार सफलता

**मुंबईः (संवाददाता)** मुशायरा के मशहूर एंकर, कवि, लेखक और पत्रकार मुहम्मद युसूफ, जिन्हें युसूफ राणा के नाम से भी जाना जाता है, अब आधिकारिक तौर पर एक प्रमाणित पत्रकार बन गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, युसुफ राणा ने मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद से अपनी पत्रकारिता की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं, जिससे उन्होंने अपने गृहनगर का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। हालाँकि उन्होंने मुंबई को अपना दूसरा घर बना लिया है, लेकिन उनकी अपने गृहनगर से जड़े अभी भी मजबूत हैं।

मालेगाँव के एक सम्मानित परिवार में जन्मे, युसूफ राणा की यात्रा दैनिक समाचार पत्र हिंदुस्तान में एक कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में शुरू हुई। वह अपनी युवावस्था में ही शहर में उर्दू कंप्यूटिंग के पहले विशेषज्ञों में से एक के रूप में जाने जाने लगे। उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का साहस और दृढ़ता से सामना किया और जीवन के उतार-चढ़ाव को पार किया। आज, युसूफ राणा अपनी एंकरिंग और कविता के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने जाते हैं।

वह मुंबई के पहले प्रमाणित पत्रकारों में से हैं, जिन्होंने राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक और धार्मिक हलकों में सफलतापूर्वक अपना नाम बनाया। वह मालेगाँव के भी पहले पत्रकारों में से हैं, जिन्होंने दैनिक हिंदुस्तान के माध्यम से न केवल राजनीतिक रिपोर्टिंग को संभाला, बल्कि साहित्यिक और सामाजिक गतिविधियों को भी कवर किया। आज भी, वह उर्दू पाठकों को मंत्रालय और सरकारी



हलकों से सरल शैली में समाचार प्रदान करते हैं।

यूसुफ राणा ने मुंबई में दैनिक हिंदुस्तान के साथ अपना पत्रकारिता करियर शुरू किया, जब वह मालेगाँव में ह्यनिशान-ए-हिंदह्न नामक एक पत्रिका पहले ही प्रकाशित कर रहे थे। व्यापक अनुभव के साथ, उन्होंने मुंबई को अपनी ''कर्मभूमि'' बनाया, जहाँ सभी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक वर्गों ने उनका स्वागत किया। आज, मुंबई में, युसूफ राणा का नाम एकता और एकजुटता का प्रतीक माना जाता है।

हाल ही में, दूरदर्शन उर्दू, दिल्ली पर, युसूफ राणा को अपनी कविता के लिए उर्दू दर्शकों से बहुत प्रशंसा मिली। आज एक सफल कलाकार के रूप में, युसूफ राणा ने जीवन की कड़वी सच्चाइयों को एक मीठे कप की तरह अपनाया। उन्होंने अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास किया। आज, भाग्य ने उन्हें एक ऐसा प्रतिष्ठित सम्मान दिया है कि दुनिया उन्हें बधाई देने के लिए मजबूर है। वह हिंदी भाषी हलकों में भी अपनी कविता के लिए लोकप्रिय हैं और अपने देशवासियों के शिक्षित वर्गों के बीच जाने और सम्मानित किए जाते हैं।

जब इस योग्य व्यक्ति ने पत्रकारिता में औपचारिक प्रमाण पत्र प्राप्त करने की मांग की, तो उन्हें सफलता मिली। उन्होंने मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद से पत्रकारिता का प्रमाण पत्र distifctiof के साथ अर्जित किया। इस अवसर पर, युसूफ राणा के सभी दोस्तों और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और प्रार्थना की कि वह उर्दू के आकाश में एक चमकदार सितारे की तरह चमकते रहें, और न केवल मुंबई बल्कि मालेगाँव, उनके गृहनगर और मेहनती लोगों के इस महान शहर का भी सम्मान बढ़ाएँ।

## मुंबई : एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के विमान की सुरक्षित लैंडिंग... पायलट की जमकर तारीफ

**मुंबईः** लगातार भारी बारिश के बीच मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। इसे लेकर यात्रियों ने विमान के पायलट की जमकर तारीफ की। यात्रियों ने पायलट को सच्चा हीरो बताया। विमान की सुरक्षित लैंडिंग का वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स ने भी पायलट की सूझबूझ और जज्बे को सलाम किया। मुंबई में लगातार भारी बारिश हो रही है। इसके चलते उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। कई उड़ानों को डायवर्ट किया गया है। इस बीच मंगलवार को एअर इंडिया के विमान की मुंबई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग हुई इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में विमान को रनवे पर आसानी से उतरते हुए दिखाया गया है। एक यात्री ने वीडियो एक्स पर शेयर करते हुए



लिखा कि भारी बारिश के बीच मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग। कम दृश्यता के बावजूद सुरक्षित लैंडिंग के लिए कैप्टन नीरज सेठी को सलाम।

इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया। पायलट-इन-कमांड कैप्टन नीरज सेठी की खूब तारीफ की गई। एक यूजर ने लिखा कि सभी यात्रियों के साथ विमान की सुरक्षित लैंडिंग का यह खूबसूरत वीडियो शेयर करने के लिए धन्यवाद। एक अन्य यूजर ने लिखा कि पायलटों का बहुत-बहुत धन्यवाद, मुंबई में मौसम बहुत खराब था और दृश्यता लगभग शून्य थी। पिछले महीने मैं मुंबई गया था और मौसम बहुत खराब था, फिर भी मैं सुरक्षित उतरा। कैप्टन को पूरे अंक। भारतीय आसमान के सच्चे नायक।

कुछ यूजर्स ने कहा कि यह सामान्य बात है क्योंकि पायलट ऐसी परिस्थितियों के आदी होते हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि ज्यादातर लैंडिंग ऑटो पायलट मोड में की जाती है। पायलट यह तय करते हैं कि सब कुछ सही चल रहा हो और रनवे पर मानवीय हस्तक्षेप और गलतियों से बचा जा सके। महाराष्ट्र में पिछले कई दिनों से हो रही आफत की बारिश से कोहराम मचा है। मुंबई और उसके उपनगरों में सड़कों और निचले इलाकों में कई फीट तक पानी भर गया है। रेल पटरियां डूब गई हैं। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## मुंबईः इंडिगो ने दी सलाह; यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें...

**मुंबईः** इंडिगो ने बुधवार को मुंबई में भारी बारिश की आशंका के मद्देनजर एक यात्रा सलाह जारी की। एयरलाइन ने कहा कि इससे ''हवाई यातायात में भीड़भाड़ हो सकती है और उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। हालांकि हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त हो, लेकिन प्रकृति की अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में फिर से भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में भीड़भाड़ हो सकती है और उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है,'' इंडिगो की इस सलाह में कहा गया है।



**इंडिगो ने दी है सलाह**

इंडिगो ने आश्वासन दिया है कि उड़ान कार्यक्रम में किसी भी बदलाव की जानकारी यात्रियों को दी जाएगी और उनसे यात्रा के लिए अतिरिक्त समय निकालने का आग्रह किया है।


इंडिगो ने कहा, हम परिचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान कार्यक्रम में कोई भी बदलाव आपके रजिस्ट्रेशन डिटेल्स के माध्यम से साझा किया जाएगा, इसलिए सुनिश्चित करें कि वे अपडेट हैं। हवाई अड्डे पर जाने से पहले हमारी वेबसाइट या ऐप पर अपनी उड़ान की स्थिति देखें। जलभराव और धीमी गति से चलने वाले ट्रैफिक की संभावना को देखते हुए, अपनी यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें।''

**मुंबई में मंगलवार को उड़ानें प्रभावित रहीं**

मंगलवार को भारी बारिश के कारण शहर में उड़ान संचालन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। सोमवार आधी रात से मंगलवार शाम 7 बजे तक, 11 उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर डायवर्ट किया गया, जबकि आने वाली 24 उड़ानों को लैंडिंग रोककर लैंडिंग का दूसरा प्रयास करने के लिए ऊपर चढ़ना पड़ा। लगातार हो रही देरी से दिन भर उड़ानों के कार्यक्रम प्रभावित रहे और सबसे ज्यादा परेशानी शाम की उड़ानों के यात्रियों को हुई, जिनकी आगमन और प्रस्थान में एक घंटे की देरी हुई। सोमवार की तरह ही, ऑटो और टैक्सी के इनकार का सिलसिला जारी रहा। उपनगरों में बिजली गुल रही। कुर्ला में अडानी इलेक्ट्रिसिटी के दो सबस्टेशन बंद होने से 1,000 परिवार प्रभावित हुए।

## मुंबईः वर्दीधारी पुलिस की मानवता एक बार फिर देखने को मिली; बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया...

**मुंबईः** मुसीबत में मुंबई पुलिसकर्मी लोगों के लिए देवदूत बनकर सामने आते हैं। लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले वर्दीधारी पुलिस की मानवता एक बार फिर देखने को मिली। मंगलवार को दो महिला सिपाहियों ने भांडुप में एक बड़ी त्रासदी को टालने में जहां कामयाब रहीं। वहीं, कुर्ला के जलमग्न टीचर्स कॉलोनी में ऑक्सीजन पर चल रहे 93 वर्षीय एक बुजुर्ग और उनकी 80 वर्षीय पत्नी को ऑक्सीजन की सप्लाई बंद होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, ट्रैफिक पुलिसकर्मी



एचसी कोयंडे, डब्ल्यूपीसी मुंडे और डब्ल्यूपीसी रोकड़े ने साहस और सूझबूझ से काम लेते हुए खंभे में आ रहे बिजली आपूर्ति को बंद करने में कामयाब रही, जिससे कई अन्य लोगों की जान बच गई। कुर्ला की एक इमारत के भूतल पर स्थित घरों में पानी घुस गया था। ऑक्सीजन पर चल रहे 93 वर्षीय एक बुजुर्ग और उनकी 80 वर्षीय पत्नी पानी में थे। पति की ऑक्सीजन सप्लाई बंद होने से पत्नी बेहद परेशान थीं। वह दुविधा में थीं कि क्या करें, तभी खाकी वर्दीधारी फरिश्ते मदद के लिए दौड़ पड़े।

संपर्क कार्यालः रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com
www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani